कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)

E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) 233943–297943

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / क्र.–01 / 130 / 2021 रीवा, दिनांक : 20 / 07 / 2021

संस्थागत विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में संकाय आवंटन हेतु
सूचना क्र.–1 सत्र 2021–22

मॉडल स्कूल के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं (हि.मा. एवं अ.मा.) में निम्नांकित प्रतिशत के मेरिट क्रम में संकाय आवंटन हेतु निम्न मापदण्ड एवं प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :–

1. **योग्यता** :–

स.क्र.	संकाय	उपलब्ध माध्यम	प्रतिशत	
			हिन्दी माध्यम हेतु न्यूनतम प्रतिशत	अंग्रेजी माध्यम हेतु न्यूनतम प्रतिशत
1	गणित	हिन्दी / अंग्रेजी	65%	65%
2	जीवविज्ञान	हिन्दी / अंग्रेजी	60%	60%
3	वाणिज्य	हिन्दी / अंग्रेजी	50%	50%
4	कृषि	हिन्दी	45%	-NA-

2. **मापदण्ड एवं प्रक्रिया** :–

- मॉडल स्कूल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को संकाय / विषय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरना अनिवार्य है।
- मॉडल स्कूल से कक्षा 10वीं उक्त प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को निर्धारित सीटों के लिये पात्रतानुसार संकाय आवंटन पूर्णतः मैरिट के आधार पर किया जावेगा। ऑनलाइन संकाय आवंटन के उपरांत संकाय में परिवर्तन किया जाना संभव नहीं होगा।
- पंजीकृत विद्यार्थियों को संकाय आवंटन उपरांत सीट रिक्त रहने पर उक्तानुसार न्यूनतम प्रतिशत के मापदण्ड को कम करने या परिवर्तित करने का अधिकार प्रवेश समिति को रहेगा।
- एक से अधिक विषय अथवा संकाय आवंटन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये अलग–अलग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करना होगा। **विद्यार्थियों को द्वितीय वरीयता (Second Choice) के संकाय के लिए भी पृथक रजिस्ट्रेशन करने हेतु सलाह दी जाती है ताकि मैरिट क्रम में सीट आवंटन होने से वंचित न रहना पडे।**
- मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को संकाय आवंटन उपरांत किसी भी संकाय में संस्थागत विद्यार्थियों की कोई सीट रिक्त रहती है तो उन सीटों की पूर्ति करने हेतु नवीन प्रवेश की सीटों की संख्या में वृद्धि करने का अधिकार प्रवेश समिति के पास रहेगा।
- संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://modelhssrewa.org.in/ एवं mponline पोर्टल की लिंक https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA पर उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन फार्म का शुल्क 100/- ऑनलाइन जमा करना होगा तथा पोर्टल शुल्क अलग से mponline को देय होगा।

3. **समय सारणी** :–

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने हेतु लिंक	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक बंद होने की तिथि	संकाय आवंटन हेतु मैरिट सूची एवं चयन सूची के प्रकाशन की तिथि	संकाय आवंटन उपरांत चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि
https://modelhssrewa.org.in/ अथवा https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA	21.07.2021	27.07.2021	29.07.2021 को सायं 5:00 बजे पश्चात	30.07.2021 को प्रातः 10:00 बजे से 05.08.2021 को सायं 4:00 तक

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)